Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Rajendra Kumar Shri

>

Title : Need to provide relief in the flood affected areas of Haridwar, Uttaranchal.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : माननीय सभापति जी, अन्य राज्यों की तरह उत्तरांचल राज्य भी इस समय बाढ़ की चपेट में है, विशोकर हरिद्वार में जहां गंगा नदी बहती है। गंगा नदी में भयंकर बाढ़ से लक्सर तहसील के डूमनपुरी, कलसिया सहित कई गांव जो नदी के किनारे बसे हुए हैं, उनके किनारों में भारी कटाव के कारण गन्ने और धान की फसल की अत्यधिक बर्बादी हुई है, जिसमें लगभग 2000 बीधा उपजाऊ भूमि बाढ़ से कटाव में बह गई है, जिससे किसान भूखों मरने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

अतः महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इनके किनारों में पत्थरों की सोलिंग लगाकर तटबंध बनवाया जाए और किनारे की जर्जर हो चुकी सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाए। साथ ही किसानों को बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा दिलाया जाए।